राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार
गृह (सामान्य) विभाग
5वां स्तर, सी-विंग, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली

क्रमांक F.6/08/2023/गृह (जी)/3606-11 दिनांक:- 15/12/23

उप. सचिव (प्रश्न एवं समिति)
दिल्ली विधान सभा सचिवालय
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054

विषय:- विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 173 के संबंध में जो दिनांक 18.12.2023 को पूछा जाना है।

महोदय,

कृपया आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए उपरोक्त प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियां संलग्न है।

यह माननीय गृह मंत्री की पूर्व अनुमति से जारी किया जाता है।

आपका विश्वासी,

संलग्नक ऊपरोक्त अनुसार

उप सचिव (गृह)

क्रमांक F.6/08/2023/गृह (जी)/3606-11 दिनांक:- 15/12/23

जानकारी के लिए कॉपी:-

1. निजी सचिव, माननीय उपराज्यपाल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार।
2. सचिव, माननीय गृह मंत्री, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार।
4. निदेशक, सूचना एवं प्रसारण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार 150 प्रतियों संलग्न।
5. निजी सचिव, प्रमुख सचिव (गृह), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार।

उप सचिव (गृह)

Scanned with CamScanner

विभाग का नाम: गृह विभाग

विभाग का पता : 5वां स्तर, सी-विंग, दिल्ली सचिवालय

अतारांकित प्रश्न संख्या : 173

दिनांक : 18.12.2023

प्रश्नकर्ता का नाम: श्री राजेश ऋषि, एम.एल.ए

क्या गृह मंत्री हैं यह बताने की कृपा करेंगे की : श्री कैलाश गहलोत, गृह मंत्री

| | प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|---|
| (क) | तिहाड़ जेल में 30 नवंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के स्टाफ की स्वीकृत स्ट्रैंथ व उनकी तैनाती की स्थिति क्या है; | (क) | दिल्ली कारागार विभाग में कुल स्वीकृत पदों की संख्या 2365 है जिनमें से 1840 पदों पर नियुक्ति हो चुकी है और 525 पद खाली है । |
| (ख) | तिहाड़ जेल में कुल कितनी बैरेक हैं और प्रत्येक बैरेक में कितने कैदी रखने की व्यवस्था है और वास्तव में उनमें कितने कैदी (दोषी व विचाराधीन) हैं; | (ख) | दिल्ली कारागार में 16 जेलें है जिनमें विभिन्न क्षमताओं वाली कुल 183 बैरकें हैं जिनमें छोटे बैरकों में 20 एवं बड़ें बैरकों में 80 बंदियों तक रखने की क्षमता है । जबकि छोटे औसतन छोटे बैरकों में 40 से 50 बंदी एवं बड़ी बैरकों में 125 से 130 बंदी रखे जा रहे हैं । |
| (ग) | दिनांक 30 नवंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार तिहाड़ जेल में कुल कितने कैदी हैं और उनमें से कितने दोषी व कितने विचाराधीन हैं; | (ग) | दिनांक 30.11.2023 को दिल्ली की जेलों में में कुल 20027 बंदी थे जिसमें से 2083 दोषी बंदी एवं 17834 विचाराधीन, 16 नजरबंद एवं 94 सिविल बंदी थे । |
| (घ) | तिहाड़ जेल में विचाराधीन कैदियों के वर्षवार विवरण; | (घ) | दिल्ली की जेलों में बंदियों को वर्षवार ब्यौरा निम्नलिखित है: (तालिका नीचे) ये बंदी मुख्यतः (करीब 80 प्रतिशत) विचाराधीन वाले ही बंदी है । |
| (ड) | ऐसे कितने कैदी हैं जिनकी अभी सुनवाई आरंभ तक नहीं हुई है; | (ड) | दिल्ली कारागार में ऐसा कोई भी बंदी नहीं है जिसकी सुनवाई आरंभ नहीं हुई है । |
| (च) | ऐसे कितने विचाराधीन कैदी हैं जिन्होंने उस अपराध की अधिकतम सजा की अवधि पूरी कर ली है, जिसका आरोप उन पर हैं, परंतु वे अभी दोषसिद्ध नहीं हुए हैं; | (च) | इस श्रेणी का कोई भी बंदी दिल्ली कारागार में नहीं है । |
| (छ) | ऐसे कितने कैदी हैं जिन्हें न्यायालय द्वारा जमानत दी जा चुकी है, परंतु जो जमानत संबंधी औपचारिकताएँ पूरी नहीं कर सके हैं ? | (छ) | दिल्ली कारागार में 179 बंदी हैं जिन्हें न्यायालय द्वारा जमानत दी जा चुकी है, परंतु जो जमानत संबंधी औपचारिकताएँ फ़िलहाल पूरी नहीं कर पा रहे हैं । यह संख्या स्थिर नहीं है और निरंतर परिवर्तित होती रहती है । |

| दिनांक | कुल बंदी |
|---|---|
| 30.11.2021 | 18647 |
| 30.11.2022 | 19025 |
| 30.11.2023 | 20027 |

हस्ताक्षर

आशा

(आशा चौधरी मल्होत्रा)

अतिरिक्त सचिव (गृह)

ASHA CHAUDHARY MALHOTRA
Addl. Secretary (Home)
Govt. of NCT of Delhi
5th Level, 'C' Wing, Room No:505, Delhi Sectt.,
I.P. Estate
New Delhi-110002

Scanned with CamScanner